कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला–राजसमन्द(राज.)
Email: np_ntd@yahoo.co.in, nagarpalikanathdwara@gmail.com Ph. 02953-233526
क्रमांक : न.पा.नाथ. / प्र.श.के.सं.–2021 / 22 / 12880 दिनांक : 15-6-2022

**—: प्रशासन शहरो के संग अभियान 2021 के तहत् एम्पावर्ड कमेटी अनुमोदन समिति की बैठक दिनांक 03.06.2022 की कार्यवाही विवरणिका :—**

नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग के आदेश क्रमांक प.8ग / नियम / डी.एल.बी. / 2021 / 68664 जयपुर दिनांक 27.09.2021 के बिन्दू संख्या 01 के अनुसार गठित एम्पावर्ड कमेटी बैठक श्रीमान् अध्यक्ष महोदय, नगर पालिका, नाथद्वारा की अध्यक्षता में सभा गृह में दिनांक 03.06.2022 को प्रातः 11:00 बजे आयोजित हुई जिसमें उपस्थिति निम्न प्रकार रही।

1. श्री मनीष राठी, अध्यक्ष, नगरपालिका नाथद्वारा एंव अध्यक्ष एम्पावर्ड समितिं।
2. श्री कौशल कुमार खटुमरा, आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा एंव सदस्य सचिव एम्पावर्ड समिति।
3. श्री वीरेन्द्र सिंह परिहार, सहायक नगर नियोजक, कार्यालय वरिष्ठ नगर नियोजक उदयपुर, उदयपुर जोन उदयपुर।
4. श्री फतहसिंह, सहायक अभियन्ता, नगरपालिका नाथद्वारा।
5. श्री चन्द्रमौहन कौशिक, सहायक अभियन्ता, नगर पालिका नाथद्वारा।
6. श्री किशन यादव, कनिष्ठ लेखाकार / विशेष आमंत्रित सदस्य, नगरपालिका नाथद्वारा।
7. श्री प्रतिक नामा, कनिष्ठ अभियन्ता, नगरपालिका नाथद्वारा।
8. श्री सौरभ मिश्रा, कनिष्ठ अभियन्ता, नगरपालिका नाथद्वारा।
9. श्री रिषभ जोशी, वरिष्ठ प्रारूपकार एवं नोडल भूमि शाखा प्रभारी, नगरपालिका नाथद्वारा।
10. श्री सुरेश पंवार, भूमि शाखा सहायक, नोडल नगरपालिका नाथद्वारा।

उपरोक्तानुसार कोरम पूर्ण होने पर आयुक्त एंव सदस्य सचिव ले आउट प्लान अनुमोदन समिति द्वारा समस्त सदस्य महानुभावों का स्वागत एंव अभिनन्दन करते हुवे निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा की गई :—

**<u>एजेण्डा संख्या 01</u> — ततपद्म उपवन को अम्युजमेन्ट पार्क हेतु आवंटित कि जाने वाली 25 बीघा भूमि के सन्दर्भ में निदेशालय स्थानीय निकाय विभाग के आदेश दिनांक 17.12.2021 के पुर्नसमीक्षा हेतु पालिका में प्रस्तुत ज्ञापन दिनांक 01.06.2022 जरिए ततपद्म उपवन नाथद्वारा पर चर्चा।**

उक्त एजेण्डा अनुसार श्रीमान् अध्यक्ष नगर पालिका ने समिति को अवगत कराया कि ततपद्म उपवन द्वारा नगर पालिका में दिनांक 01.06.2022 को पालिका में उपस्थित होकर उनके द्वारा निर्माणधीन विशाल एंव भव्य शिव प्रतिमा एंव अम्यूजमेन्ट पार्क परियोजना से सटी हुई राजस्व ग्राम नाथुवास के खसरा संख्या 165, तथा राजस्व ग्राम उपली ओडन के खसरा संख्या 492,645,646 के अन्तर्गत स्थित 25 बीघा भूमि पर अम्यूजमेन्ट पार्क बनाने हेतु उक्त प्रश्नगत भूमि के आवंटन के प्रस्ताव अुनसार पालिका की साधारण सभा दिनांक 06.07.2020 को आयोजित में नाथद्वारा शहर को विकसित बनाने और शहर के पर्यटन को नया आयाम प्रदान करने के उदेश्य से व्यापक जनहित में



आयुक्त नगरपालिका, नाथद्वारा
अध्यक्ष नगर पालिका नाथद्वारा

आवेदित सम्पूर्ण भूमि तत्पदम उपवन को आंवटित करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित कर सक्षम स्तर राज्य सरकार की प्रेषित किया गया था जो तत्पदम उपवन के द्वारा प्रस्तुत योजना मानचित्र तथा डिजाईन को यथा प्रस्तावित स्वीकार किया जाकर भूमि आंवटन करने को निर्णय किया गया था उक्त सन्र्दभ में तत्पदम उपवन द्वारा राज्य सरकार को स्वीकृति के लिये प्रेषित करने के उपरान्त राज्य सरकार के आदेश जरिए स्वायत शासन विभाग के आदेश क्रमांक भूमि/एफ./ड/213/डीएलबी/19/25773 दिनांक 17.12.2021 अनुसार उक्त प्रस्ताव में से कुल प्रस्तावित तथा आवेदित भूमि 25 बीघ में से 6970 वर्गमीटर भूमि को पालिका उपयोग हेतु आरक्षित रखते हुए आवंटन निर्णय अनुसार पूर्व में आई.डी.एस.एम.टी योजना के अन्तर्गत पालिका द्वारा व्यय किये गये 60.64 लाख रूपये पालिका कोष में जमा करवाने हेतु निर्देशित करने के साथ उक्त भूमि का मास्टर प्लान 2013 नाथद्वारा में आवासीय भू उपयोग आरक्षित होने पर नियमानुसार अम्यूजमेन्ट पार्क के उपयोग हेतु भू उपयोग सक्षम स्तर से करवाने हेतु भी आदेशित किया गया है। जिस पर तत्पदम उपवन अन्य सभी दिशा–निर्देशों अनुसार सहमत होने के साथ उक्तानुसार 6970 वर्गमीटर भूमि के आरक्षित रखने पर अपनी असहमति व्यक्त करते हुए निवेदन किया है कि उक्तानुसार भूमि आरक्षित रखने पर उसके सम्पूर्ण योजना पर विपरीत प्रभाव पडेगा तथा् श्रीमान् अध्यक्ष महोदय ने समिति को अवगत कराया कि निदेशक ततपदम उपवन द्वारा पूर्व में पालिका मण्डल द्वारा प्राप्त सैद्धान्तिक सहमति एंव मांग अनुसार 25 बीघा सम्पूर्ण भूमि तथा बोर्ड सहमति एंव उसके अुनसार उक्त भूमि पर उपवन द्वारा प्रारम्भिक राशि उक्त भूमि पेटे कुल 60.64 लाख रू जनवरी में पालिका कोष मे जमा करवाने पर ततपद्म उपवन द्वारा प्रारभिक स्तर पर उक्त सम्पूर्ण 25 बीघा भूमि पर ही सभी प्रारम्भिक कार्य यथा बाउन्ड्रीवॉल करते हुए मुख्य मार्ग योजना में प्रवेश हेतु तथा सड़क आदि का निमार्ण आरम्भ करवाते हुए स्वागत तथा निकास द्वारों का निर्माण भी प्रगतिरत है एंव इस योजना के डियाईन में किसी भी तरह का संशोधन करना तकनीकी रूप से तत्पदम उपवन के लिये संभव नहीं है तथा इसके दौरान भू उपयोग परिवर्तन के प्रकरण में वरिष्ठ नगर नियोजक उदयपुर द्वारा आयुक्त नगर पालिका नाथद्वारा को प्रेषित पत्र दिनांक 17.05.2022 से ततपद्म उपवन को यह जानकारी में आया कि उपरोक्त 6970 वर्गमीटर भूमि नगर पालिका नाथद्वारा हेतु रखते हुए शेष भूमि पर ही भू उपयोग परिवर्तन की राय प्रेषित है जिस पर तत्पदम उपवन सहमत नहीं होने से उनके द्वारा दिनांक 01.06.2022 को प्रकरण पुर्नसमीक्षा हेतु समिति के समक्ष प्रस्तुत हुआ है। समिति द्वारा तत्पदम उपवन के पुर्नसमीक्षा का प्रस्ताव पर्यटन को बढ़ावा देने तथा प्रोजेक्ट पर विपरित प्रभाव पड़ने के कारण औचित्यपूर्ण पाया गया तथा 6970 वर्गमीटर भूमि को भी आवंटन किये जाने हेतु राज्य सरकार को प्रेषित किये जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

**<u>एजेण्डा संख्या 02</u> – मिराज स्वीज चैलेन्ज योजना (swiss challenge method MOU) के अन्तर्गत जारी अनुमोदन स्वीकृति जरिए बैठक कार्यवाही विवरण पत्रांक एफ.सी.सी/पी.ए/एस.ई/डी.एल.बी/13/स्वीस चैलेन्ज नाथद्वारा/9494 दिनांक 24.06.2013 के सन्दर्भ में आंवटित किये जाने वाली भूमि के खसरा परिवर्तन हेतु प्राप्त ज्ञापन तथा नवीन प्रस्तावित भूमि के प्रस्ताव पर लागत परीक्षण कर निदेशालय को प्रस्ताव प्रेषित करने पर चर्चा :–**

अध्यक्ष
नगर पालिका नाथद्वारा

श्रीमान् अध्यक्ष महोदय नाथद्वारा द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि पूर्व में नगरपालिका नाथद्वारा की मण्डल दिनांक 10.07.2021 के प्रस्ताव संख्या 01 अ के अनुसार मिराज स्वीज चैलेन्ज योजना (swiss challenge method MOU) के अर्न्तगत जारी अनुमोदन स्वीकृति आदेश पत्राांक स्वायत शासन विभाग के आदेश कमांकः एफ.सी.सी/()/पी.ए/एस.ई/डी.एल.बी/13/स्वीस चैलेन्ज नाथद्वारा/9494 दिनांकः–24.06.2013 बैठक कार्यवाही विवरण में प्रतिफल व्यवहार में देय भूमि जो उक्त अनुबन्ध अनुसार नगरपालिका नाथद्वारा के स्वामित्व की 120 फिट रोड पर स्थित राजस्व ग्राम उपली ओडन मे खसरा न0 641 क्षेत्रफल 03 बीघा 12 बिस्वा भूमि हेतु जारी कि गयी थी किन्तु उक्त खसरे से संबंधित भूमि लम्बे समय से न्यायिक प्रकरण में होने तथा उक्त वादग्रस्त भूमि से संबंधित प्रकरण राजस्व मण्डल में विचाराधीन होने के कारण नगरपालिका द्वारा भूमि आवंटन कार्यवाही नहीं की जा सकी। जिसके संबंध में प्रार्थी मिराज डलपर्स लि0 द्वारा दिनांक 01.06.2022 को नगरपालिका मण्डल नाथद्वारा के समक्ष ज्ञापन प्रस्तुत कर उपरोक्तानुसार एम. ओ. यू में पूर्व में प्रतिफल व्यवहार के रूप में अनुमोदित 120 फिट पर स्थित भूमि जो कि राजस्व ग्राम उपली ओडन नाथद्वारा के खसरा 641 क्षेत्रफल 03 बीघा 12 बीस्वा भूमि के स्थान पर अन्यत्र 120 फिट रोड पर स्थित राजस्व ग्राम **उपली ओडन** के खसरा नं **492, 646, 647, 648** की भूमि में से समानुपातिक क्षेत्रफल की 03 बीघा 12 बीस्वा भूमि आवंटन किये जाने हेतु निवेदन किया गया। जिस पर समिति द्वारा चर्चा कर स्वीस चैलेन्ज योजनान्तर्गत स्वायत्त शासन विभाग के पत्रांक एफ.65( )पीए/एसई/डीएलबी/13/स्वीस चैलेन्ज/नाथद्वारा/9519 दिनांक 24.06.2013 अनुसार आईकॉनिक गेट निर्माण की अनुमानित राशि 2 करोड 61 लाख की लागत के आधार पर आवंटित की जाने वाली भूमि का तुलनात्मक विवरण निम्नानुसार प्रस्तुत किया गया हैं :–

**स्वीस चैलेन्ज योजनान्तर्गत एमओयू अनुसार आवंटित की जाने वाली भूमि का विवरण**

**पूर्व में प्रस्तावित भूमि का विवरण** :– राजस्व ग्राम **उपली ओडन** खसरा न0 **641** (क्षैत्रफल 03 बीघा 12 बीस्वा) स्थान :– 120 फिट रोड, नाथद्वारा।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पूर्व प्रस्तावित भूमि का विस्तृत विवरण मय मौके की स्थिति भूमि का प्रकार कृषि, आवासीय आदि | आवासीय प्रयोजन |
| 2. | आईकॉनिक गेट की लागत | 2.61 करोड |
| 3. | तत् समय प्रचलित आरक्षित मूल्य वर्ष 2012–13 | 600 प्रति वर्गफिट |

**नवीन प्रस्तावित भूमि का विवरण** :– राजस्व ग्राम **उपली ओडन** खसरा न0 **492, 646, 647, 648** स्थान :– 120 फिट रोड, नाथद्वारा।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | नवीन प्रस्तावित भूमि का विस्तृत विवरण मय मौके की स्थिति भूमि का प्रकार कृषि, आवासीय आदि | आवासीय प्रयोजन |
| 2. | आईकॉनिक गेट की लागत | 2.61 करोड |
| 3. | वर्तमान आरक्षित मूल्य वर्ष 2020 से | 1320 प्रति वर्गफिट |

अतः बाद विचार–विमर्श मिराज डवलपर्स लि0 द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन अनुसार स्वीस चैलेन्ज योजनान्तर्गत नवीन प्रस्ताव अनुसार **राजस्व ग्राम उपली ओडन खसरा नं 492, 646, 647, 648 की आराजी एवं पूर्व में प्रस्तावित भूमि के खसरे एक ही राजस्व ग्राम उपली ओडन एवं समान क्षेत्र 120 फिट रोड पर समीप ही स्थित होने से खसरा न0 492, 646, 647, 648 की भूमि में से मिराज डवलपर्स लि0 की मांग अनुसार समानुपातिक क्षैत्रफल के अनुसार भूमि मिराज डवलपर्स लि0 को आवंटित किये जाने के प्रस्ताव को समिति द्वारा परीक्षण उपरांत सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त करने हेतु प्रकरण राज्य सरकार को प्रेषित किये जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।**

अध्यक्ष
नगर पालिका नाथद्वारा

**एजेण्डा संख्या 03:– भूमि शाखा की 69–ए के अन्तर्गत प्राप्त नवीन पत्रावलियों पर चर्चा:–** भूमि शाखा प्रभारी द्वारा प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021 के तहत् नगरपालिका में प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही पूर्ण कर निम्नानुसार प्रकरण समिति के समक्ष प्रस्तुत किये गये :–

| क.सं. | पट्टा धारक का नाम | पता |
|---|---|---|
| 1. | हिरा बाई / देवीलाल बलाई | सिंहाड़ की घाटी, नाथद्वारा |
| 2. | कन्हैयालाल पालीवाल / केसुलाल पालीवाल | भलावतों का खेड़ा, नाथद्वारा |
| 3. | गणपत लाल कुम्हार / जीतमल कुम्हार | कुम्हारवाड़ा, नाथद्वारा |
| 4. | अशोक प्रजापत / शांतिलाल प्रजापत | सिंधी कॉलोनी, नाथद्वारा |
| 5. | राधादेवी माली / त्रिभुवन माली | फाटक दरवाजा |
| 6. | प्रकाश चन्द्र / स्व. भंवरलाल जी | लोधा घाटी, नाथद्वारा |
| 7. | तुलसीराम कुमावत / पन्नालाल कुमावत | फौज मोहल्ला, नाथद्वारा |
| 8. | भैरूलाल नाई / जगन्नाथ नाई | महावीरपुरा, नाथद्वारा |
| 9. | रमेश तेली / भंवरलाल तेली | महावीरपुरा,नाथद्वारा |
| 10. | लक्ष्मी सांवरिया / शंकरलाल वर्मा | नई हवेली उपला पायसा, नाथद्वारा |
| 11. | रसिदा बानु / रियाज अहमद | नया मोहल्ला, नाथद्वारा |
| 12. | ओम प्रकाश / गोपीलाल सिसोदिया | महावीरपुरा, नाथद्वारा |
| 13. | नारायणलाल / रतनलाल मोची | सिंहाड़ , मंगरी, नाथद्वारा |
| 14. | रामचन्द्र गायरी / इन्द्रलाल गायरी | मोहनगढ, नाथद्वारा |
| 15. | मांगीलाल / दौलतराम माली | तेलियों का तालाब, नाथद्वारा |
| 16. | मिठालाल वर्मा / भैरूलाल वर्मा | मोहनगढ़, निचला चौक, नाथद्वारा |
| 17. | विद्या शर्मा / मोहन शर्मा | चित्रकारों की गली, मन्दिर पीछे, नाथद्वारा |
| 18. | चेतन व विक्रम बागोरा | मोहनगढ़, उपला चौक, नाथद्वारा |
| 19. | कान्तीलाल जैन / मोतीलाल जैन | तहसील रोड़, नाथद्वारा |
| 20. | किशनलाल खटिक / भुरालाल खटिक | तेलियों का तालाब, नाथद्वारा |
| 21. | जगदीश / दौतलराम माली | तेलियों का तालाब, नाथद्वारा |
| 22. | विष्णुकान्त गुर्जर / जीवनलाल जी गुर्जर | गुर्जर पुरा, नाथद्वारा |
| 23. | वंदना उर्फ डाली / रजनीश | तेलियों का तालाब, नाथद्वारा |
| 24. | भरत लखारा / देवीलाल लखारा | छोटा गोपालपुरा, नाथद्वारा |
| 25. | भगवानदास / दाउलाल गौरवा | बडी बाखर, नाथद्वारा |
| 26. | केसुलाल माली / परसराम माली | तेलियों का तालाब, नाथद्वारा |
| 27. | जमना देवी / गोविन्द बागोरा | तेलियों का तालाब, नाथद्वारा |
| 28. | विजय सांचिहार / ध्रुव कुमार | महादेव की घाटी, नाथद्वारा |
| 29. | मंजुदेवी गुर्जर / स्व. राधेश्याम जी | गुर्जरपुरा, नाथद्वारा |
| 30. | नन्दन / गिरिराज गौरवा | गणेश नगर, बडी बाखर, नाथद्वारा |
| 31. | कौशल्यादेवी / नवनीत पालीवाल | वल्लभपुरा, नाथद्वारा |
| 32. | प्रेमीदेवी / लक्ष्मण कीर | सिंहाड़, नाथद्वारा |
| 33. | देउबाई / सुखलाल माली | तेलियों का तालाब, नाथद्वारा |
| 34. | विष्णु कुमार / मन्नालाल पालीवाल | वल्लभपुरा, नाथद्वारा |
| 35. | भुरालाल माली / शंकरलाल माली | तेलियों का तालाब, नाथद्वारा |
| 36. | सत्यनारायण पालीवाल / पुरूषोत्तम पालीवाल | लोधा घाटी, नाथद्वारा |
| 37. | मुकेश लखारा / नन्दलाल | छोटा गोपाल पुरा, नाथद्वारा |



अध्यक्ष
नगर पालिका नाथद्वारा

| | | |
|---|---|---|
| 38. | पवन जोशी / रामचन्द्र जोशी | नाथुवास, नाथद्वारा |
| 39. | शिवलाल रेगर / वजेराम रेगर | तेलियों का तालाब, नाथद्वारा |
| 40. | रधुनन्दन पालीवाल / किशनलाल | लंबी गली, नाथद्वारा |
| 41. | लक्ष्मण सिंह / हरदेव लोधा | लोधा घाटी, नाथद्वारा |
| 42. | पार्वती बागोरा / रमेशचन्द्र | बिच्छु मंगरी, नाथद्वारा |
| 43. | राजेन्द्र माली / भंवरालाल माली | तेलियों का तालाब, नाथद्वारा |
| 44. | लीलादेवी / केसुलाल मीणा | तेलियों का तालाब, नाथद्वारा |
| 45. | दुर्गाशंकर जोशी / नन्द लाल | भलावतो का खेडा |
| 46. | खुबीलाल शर्मा / नारायण लाल | नई हवेली चौक |
| 47. | पिस्ता जैन / मनोहर लाल | नई हवेली |
| 48. | राम सिंह / सज्जन सिंह राजपुत | तेलियो का तालाब |
| 49. | बालु लाल मीणा / चंदना | तेलियो का तालाब |
| 50. | मांगीलाल / गोर्वधन लाल सालवी | सिंहाड |
| 51. | गणपत लाल सोनी / चुन्नी लाल | मोहनगढ |
| 52. | शांती बाई / दामोदर जी | चोपेता का बाग, हरिजन बस्ती |
| 53. | नरोत्तम पालीवाल / गोवर्धन | तेलियो का तालाब |
| 54. | राधा देवी / सुशील पालीवाल | लोधाघाटी |
| 55. | ललिता बाई / धनराज गमेती | तेलियो का तालाब |
| 56. | कालुलाल / शंकर लाल भील | गिरराज पुरा |
| 57. | परथाराम / खेमराम गमेती | तेलियो का तालाब |
| 58. | सलमा बानु / अल्ताफ | नया मोहल्ला |
| 59. | खेम चन्द्र सनाढय / कपुर चन्द्र | नई हवेली चौक |
| 60. | राजेन्द्र कुमार / शंकर लाल गुर्जर | गुर्जरपुरा |
| 61. | धन्नाराम / देवा मीणा | बृहम्पुरी, नाथुवास |
| 62. | प्रेमी बाई मीणा / छन्नु लाल | तेलियो का तालाब |
| 63. | गीता देवी / राम चन्द्र जोशी | ब्रहमपुरी नाथुवास |
| 64. | मीरा देवी / दुर्गाशकर पालीवाल | लोधाघाटी |
| 65. | शांती बाई सेन / केसुलाल | तेलियो का तालाब |
| 66. | कान्ता देवी / सुरजमल व्यास | नई हवेली |
| 67. | अम्बा लाल / देवी लाल मीणा | तेलियो का तालाब |
| 68. | पुष्पा देवी माली / कन्हैयालाल | तेलियो का तालाब |
| 69. | मांगीलाल / भुरालाल खटीक | तेलियो का तालाब |
| 70. | शांति देवी / विजयकुमार पुरोहित | तेलियो का तालाब |
| 71. | सुरेश रेगर / पुरूषोत्तम | तेलियो का तालाब |
| 72. | रजनी बाला,ऋतु जोशी / ईश्वर लाल | नई हवेली,नाथद्वारा |
| 73. | लोकेश सैनी / शेषनारायण | फाटक दरवाजा, नाथद्वारा |
| 74. | नन्द किशोर / नागजी पालीवाल | कृतन्या घाटी, मन्दिर पीछे, नाथद्वारा |

अतः बाद विचार–विमर्श समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि उक्त पत्रावली में प्रस्तुत कनिष्ठ / सहायक अभियंता की मौका रिपोर्ट तथा वरिष्ठ प्रारूपकार की रिपोर्ट एवं राजस्व विभाग से प्राप्त पटवारी रिपोर्ट अनुसार प्रशासन शहरो के संग अभियान में प्राप्त निर्देशों अनुसार उपर वर्णित प्रकरणों का निस्तारण किये जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

अध्यक्ष
नगर पालिका नाथद्वारा

**एजेण्डा संख्या 04 – नगरपालिका के लेखा/स्टोर/निर्माण शाखा की निविदाओं के दर तथा कार्यादेश अनुमोदनः–**

1. राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के नियम संख्या 68 तथा 73 एंव अन्य उल्लेखित एंव सन्दर्भित परिपत्र तथा नियमों अनुसार यथा पत्रावली अनुसार के तहत् पालिका की निर्माण शाखा द्वारा जारी निविदा (URBAN FORESTATION IN MUNICIPAL BOARD NATHDWARA NON SOR ITEM) में नॉन एस ओ आर आईटम जो कि वर्तमान बाजार दरों पर आधारित न होकर 2 वर्ष पूर्व के मौखिक आधारो पर लिये जाकर दरे प्राप्त किये जाने से उक्त दरों पर समीक्षा उपरान्त वास्तविक बाजार दरों एंव बाजार मूल्य वृद्वि दरों पर सापेक्षित विश्लेषण प्राप्त नहीं होने से द्वितीय नेगोशियन प्राप्त किया गया जाकर नगर पालिका द्वारा उक्त दरों पर निर्णय लेने हेंतु सम्बन्धित प्रभारी से स्थानीय बाजारों में उक्त कार्य के सन्दर्भित संवेदकों से वास्तवित कार्य तथा 2 वर्ष के संधारण के आधार पर दरों को प्राप्त किया जाकर उसका पालिका की उपापन समिति में विश्लेषण किया जाकर राजस्थान सरकार के स्वीकृत नवीनतम BSR RUIDP SOR DATED 15-04-2022 में उक्त दरों को परीक्षण करतें हुए काउन्टर दरों के निर्णय हेतु उपापन समिति तथा तकनीकी अधिकारियों के विश्लेषण के उपरान्त श्रीमान् अध्यक्ष नगर पालिका/आयुक्त को अधिकृत किये जाने के साथ उक्त कार्य का कार्यदेश वर्षाकाल के निकट होने से तुरन्त प्रभाव से दिये जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। तथा वर्षा काल से पूर्व उक्त कार्य को गुववत्ता तथा निर्धारित समयावधि में करवाने हेतु अधिशाषी अभियन्ता तथा सहायक अभियन्ता को निर्देशित किया गया।

2. राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के नियम संख्या 73 के तहत् मूल निविदा राशि की 50 प्रतिशत अतिरिक्त व्यय की स्वीकृति जारी की जा सकती हैं अतः (MAINTENANCE OF ICONIC GATE MUNICIPAL BOARD NATHDWARA) कार्य में नवीन निविदा नहीं होने तथा उक्त गेट के पर्यटन महत्व को दृष्टिगत उक्त कार्य में स्वीकृत एस ओ पी अनुसार तथा आर.टी.पी.पी. रूल्स 29 झ के अर्न्तगत अतिरिक्त प्रशासनिक एंव वितिय स्वीकृति लेखा शाखा से प्राप्त लेखा रिर्पोट अुनसार स्वीकृति प्रदान की जाकर 3 माह के अन्दर नवीन निविदा आंमत्रित कर उक्त महत्वपूर्ण गेट का संधारण तथा रखरखाव करवाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

3. नगरपालिका नाथद्वारा द्वारा वर्तमान में 120 फिट रोड शिव मूर्ति के पास सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित वाहन पार्किंग का संधारण एवं संचालन स्वयं द्वारा किया जा रहा हैं। पूर्व में वर्ष 2018 में उक्त वाहन पार्किंग जरिये निविदा प्रकिया पूर्ण कर ठेके के माध्यम से संचालित की जा रही हैं परन्तु सेवा प्रदात्ता द्वारा निविदा शर्तों की पालना नहीं करने की वजह से उक्त निविदा निरस्त कर उक्त पार्किंग स्टेण्ड का संचालन पालिका द्वारा स्वयं किया जा रहा हैं। उक्तानुसार पूर्व दरों के आधार पर पालिका द्वारा पार्किंग स्टेण्ड के संचालन हेतु पुनः निविदा संख्या 34/2021–22 दिनांक 12.11.2021 एवं 37/2021–22



अध्यक्ष
नगर पालिका नाथद्वारा

दिनांक 28.12.2021 से राशि 45.00 लाख रूपये वार्षिक के आधार पर जारी की गयी परन्तु उक्त दोनों निविदाओं में कोई बोलीदाता नहीं आने से उक्त निविदा प्रकिया पूर्ण नहीं हो पायी हैं। जिस पर माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा समिति को बताया गया कि पिछले 2 वर्षो से कोरोना महामारी तथा अन्य कारणो से बाजार में अत्यधिक अस्थिरता होने से तथा पालिका द्वारा बिना बाजार विश्लेषण कर प्रारम्भिक बोली 4500000 से आरम्भ करने के कारण उक्त बोलियों में किसी बोली का अभाव रहा हैं।

अतः बाद विचार पालिका द्वारा पार्किंग स्टेण्ड की निविदा में राशि कम किये जाने तथा शर्तों में शिथिलता निर्धारण के लिए पालिका अध्यक्ष की अध्यक्षता में एसओपी रूल्स अनुसार समिति का गठन किये जाने का निर्णय लिया गया। जिसमें पालिका आयुक्त, सहायक अभियंता–I व II, कनिष्ठ लेखाकार, राजस्व व स्टोर शाखा प्रभारी सदस्य होंगे।

4. पालिका द्वारा स्टोर शाखा से वार्षिक दर अनुमोदन हेतु जारी विविध निविदाओं में मेले उत्सव व अन्य कार्यकमों पर लाईट व फ्लावर, बैलुन डेकोरेशन कार्य हेतु वर्ष 2021–22 में अनुमानित लागत राशि 8.00 लाख की जारी की गयी थी जिसमें न्युनतम दर एसआर लाईट की प्राप्त हुई थी। वित्तीय वर्ष 2021–22 में प्रशासान शहरों के संग अभियान 2021 के अंतर्गत राज्य सरकार के निर्देशानुसार पालिका क्षेत्र में विविध शिविर आयोजित किये जाने व कोरोना काल होने से नवीन निविदा जारी नहीं होने तथा पालिका क्षेत्र में विविध लोकार्पण एवं उद्घाटन कार्यकम आयोजित होने से उक्त कार्य के अंतर्गत अनुमानित राशि से अधिक राशि के कार्य फर्म द्वारा विविध लाईट, फ्लावर, बैलुन डेकोरेशन के कार्य किये गये। बाद विचार–विमर्श कनिष्ठ लेखाकार द्वारा वित्त विभाग द्वारा जारी नियमों, परिपत्रों के आधार पर परीक्षण उपरांत आरटीपीपी रूल्स 73 के तहत् स्वीकृत अनुमानित राशि की 50 प्रतिशत अतिरिक्त व्यय की स्वीकृति लेखा नियमों एवं वित्त विभाग द्वारा समय–समय पर जारी परिपत्रों अनुसार कनिष्ठ लेखाकार के परीक्षण उपरांत फर्म द्वारा प्रस्तुत बिलों के भुगतान की स्वीकृति जारी किये जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।
5. पालिका में विविध सेवाओं व कार्यों के लिए श्रमिक आपूर्ति हेतु जारी निविदा में न्युनतम दरदाता फर्म मां वैष्णोदेवी व यश सिक्योरिटी को कार्यादेश जारी किये गये तथा समय–समय पर कार्य आवश्यकतानुसार श्रमिक आपूर्ति हेतु आदेशित किया गया। वर्ष 2021–22 में सफाई अभियान तथा प्रशासन शहरों के संग अभियान में कार्य की अधिकता के मध्यनजर श्रमिक संख्या में वृद्धि के आदेश जारी किये गये। नवीन निविदा नहीं होने तथा कार्य की अधिकता के मध्यनजर श्रमिक आपूर्ति की उक्त निविदा में स्वीकृत लागत 99.00 लाख से अधिक का व्यय हुआ हैं। बाद विचार समिति द्वारा पालिका से जारी कार्यादेशों के कम में फर्म द्वारा प्रस्तुत बिलों के भुगतान हेतु आरटीपीपी रूल्स के अनुसार 50 प्रतिशत अतिरिक्त भुगतान हेतु स्वीकृति जारी किये जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

**एजेण्डा संख्या 06 – प्रशासन शहरों संग अभियान 2021 की प्रगति एवं कार्यकम एवं समीक्षा :–**

वर्तमान में राज्य सरकार से प्राप्त निर्देशों के कम में एवं विडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से श्रीमान् संयुक्त सचिव महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि द्वितीय चरण के तहत् आगामी दिनांक 02.05.2022 से वार्ड वाईज शिविर का आयोजन करने हेतु व्यापक प्रचार–प्रचार एवं जनप्रतिनिधियों



अध्यक्ष
नगर पालिका नाथद्वारा

को अवगत कराते हुए 69ए धारा के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निस्तारण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया हैं जिस पर अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देशित किया गया हैं कि वर्तमान में लंबित कुल प्रकरणों एवं नवीन प्रकरणों पर पालिका कनिष्ठ अभियंता, सहायक अभियंता, वरिष्ठ प्रारूपकार के स्तर पर लंबित समस्त पत्रावलियों को सात दिवस में मौका रिपोर्ट कर आयोजित शिविर में वार्डवार पट्टा वितरण करना सुनिश्चित करेंगे तथा समस्त कर्मचारी अपने पूर्ण मनोयोग से कार्य करेंगे तथा प्रगति रिपोर्ट एवं अनुमोदन हेतु आगामी एम्पावर्ड कमेटी में रखी जाना सुनिश्चित करेंगे।

अन्त में सधन्यवाद बैठक समाप्ति की घोषणा अध्यक्ष महोदय द्वारा की गई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कनिष्ठ अभियंता<br>नगरपालिका नाथद्वारा | कनिष्ठ लेखाकार<br>नगरपालिका नाथद्वारा | सहायक अभियंता<br>नगरपालिका नाथद्वारा | वरिष्ठ प्रारूपकार<br>नगरपालिका नाथद्वारा |

| | | |
|---|---|---|
| सहायक नगर नियोजक<br>नगर नियोजन विभाग,<br>उदयपुर | सदस्य सचिव एवं आयुक्त<br>एम्पावर्ड कमेटी,<br>नगरपालिका नाथद्वारा | अध्यक्ष<br>एम्पावर्ड कमेटी,<br>नगरपालिका नाथद्वारा |

क्रमांक : न.पा.नाथ./प्र.श.के.सं.–2021/22/12881-12885 दिनांक : 15-6-2022

प्रतिलिपि : सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. श्रीमान् अध्यक्ष नगरपालिका एंव अध्यक्ष एम्पावर्ड कमेटी, नगरपालिका नाथद्वारा।
2. सहायक नगर नियोजक एंव सदस्य एम्पावर्ड कमेटी, नगरपालिका नाथद्वारा।
3. सहायक अभियन्ता एंव कनिष्ठ अभियन्ता, सदस्य एम्पावर्ड कमेटी, नगरपालिका नाथद्वारा।
4. स्टोर शाखा/निर्माण शाखा/भूमि शाखा/लेखा शाखा, नगरपालिका नाथद्वारा।
5. सुरक्षित पत्रावली।

सदस्य सचिव एवं आयुक्त,
एम्पावर्ड कमेटी
नगरपालिका नाथद्वारा